रजिस्ट्रे ान संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के पी सिटी– 67/2021–23

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गज़ट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

# इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

HAPPY DOCTOR'S DAY

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215 , 9415074806 , 9415486103

वर्ष – 44 ● अंक – 13 ● कानपुर 1 से 15 जुलाई 2023 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹ 100

## सम्पूर्ण भारत में धूम–धाम से मनाया गया विजय दिवस

प्रदेश सरकार इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों के भविष्य को उजज्वल बनाने के लिये शीघ्र ही कोई ठोस और नीतिगत निर्णय ले जिससे कि विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही इलेक्ट्रो होम्योपैथी की उपेक्षा व आदेशों की अवहेलना समाप्त हो सके यह विचार भारत सरकार द्वारा जारी आदेश 21 जून,2011 की 13वीं वर्षगाँठ पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने बोर्ड कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये । उन्होने कहा कि बोर्ड इस बात के लिये प्रयासशील है कि अन्य विधाओं की भॉति इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के लिये ऐसी व्यवस्था निश्चित हो ताकि पारदर्शिता बनी रहे और इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को कार्य करने में और अधिक सुग्रहिता का अवसर मिले।

बोर्ड के वित्त नियन्त्रक मो0 जफर इदरीसी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में यदि हमें जीवित रहना है तो अन्य पद्धतियों की भॉति इसमें भी कार्य करना होगा। उन्होने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियां हानिरहित हैं। यह रोगी के शरीर में रक्त और रस को शुद्ध करके रोग को जड़ से समाप्त करती हैं। इस पैथी में दवाओं का निर्माण वनस्पतियों से होता हैं न कि केमिकल से। इसलिये लोगों का विश्वास इलेक्ट्रोहोम्योपैथी की ओर लगातार बढ़ता जा रहा है।



बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के प्रशासनिक कार्यालय कानपुर में विजय दिवस पर प्रसन्न मुद्रा में सभी स्टाफ विजय V का चिन्ह दिखाते हुये। छाया गज़ट

इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एशोसिएशन आफ इण्डिया के संयुक्त सचिव डा0 मिथलेश कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम समझते हैं कि हम अपनी वास्तविक स्थिति को जनमानस तक पहुँचाने के लिए शिविरों आदि का आयोजन कर उनके बीच में स्थान बनायें तथा अपने चिकित्सक साथियों का मनोबल भी बढ़ायें इससे जहाँ एक ओर चिकित्सक निर्भीक होकर प्रैक्टिस कर सकेंगे वहीं दूसरी ओर नये छात्रों को आने में आसानी होगी। जबकि सम्भावनायें बराबर बढ़ती जा रही हैं, भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि भारत सरकार का स्टैण्ड 21 जून, 2011 ही है और वह ही अगली स्थिति बनने तक प्रभावी रहेगा।

बोर्ड के सहायक श्री अनुज शुक्ला अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी सर्वमान्य है बस आवश्यकता है इस पैथी पर ईमानदारी से काम करने की। उन्होंने कहा कि इस पैथी में असाध्य रोग पूरी तरह ठीक हो रहें हैं, हमें बस कार्य करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में मो0 नसीम, शुभम ............ आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम से पूर्व बोर्ड के समस्त कर्मचारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग भी किया।

अन्य जनपदों से भी 21 जून को विजय दिवस समारोह मनाये जाने के समाचार प्राप्त हुये हैं, देखे पेज 2 एवं 3




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के ऑफिस में विश्व योगा दिपस के अवसर पर योगा करते हुये बोर्ड का स्टाफ़


बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के ऑफिस में विश्व योगा दिपस के अवसर पर योगा करते हुये बोर्ड का स्टाफ़

# समय के साथ

## अब तो बदलना ही होगा



इलेक्ट्रो होम्योपैथों में सबसे अधिक जो कमी है वह है बदलाव की क्योंकि यहां हर शीर्ष संस्था वाला मान्यता तो चाहता है पर वह अपने आप को समय के अनुसार बदलना नहीं चाहता, अपनी मनमर्ज़ी की बात कहकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी को और अधिक नुकसान पहुँचा देता है लोग अपना–अपना तंबूरा लेकर अलग–अलग राग अलाप रहे हैं जो ठीक नहीं है, अब लोगों को बदलना ही होगा अब तो सरकार ने भी खुलकर कह दिया है कि जब तक लोग बदलेंगे नहीं तब तक कुछ होने वाला नहीं है।

अब समय की मांग है कि लोगों को बदलना ही होगा, लोगों को चाहिये कि एक समूह की छत्र–छाया में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें, सभी संस्थायें एवं चिकित्सकों को पुरानी बातों को भुलाकर केवल और केवल कार्य में लग जाना चाहिये, अपनी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार कार्य करते हुए आगे बढ़ें, यदि अभी भी अपनी–अपनी चलायी गयी तो कार्य बहुत कठिन हो जायेगा क्योंकि यह कार्य सामुहिक होना चाहिये था न कि अलग अलग, पद्धति एक है और सभी की है इसमें सबको मिल कर ही कार्य करना होगा।

आवश्यकता है स्वयं को स्थापित करने की ! यह कोई समस्या की श्रेणी में नहीं आता है, क्योंकि स्थापित होने के लिये कार्य करके स्वयं को प्रमाणित करना पड़ता है यदि हमारा कार्य जनोपयोगी है तो हमारी पूछ स्वयं ही होगी।

इलेकट्रो होम्योपैथी के लिये प्रदेश सरकार द्वारा 04 जनवरी, 2012 को शासनादेश जारी कर प्रदेश के इलेकट्रो होम्योपैथी के ऐसे चिकित्सक जो बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 से शिक्षित, प्रशिक्षित व पंजीकृत हैं को चिकित्सा व्यवसाय करने हेतु शासकीय अधिकार प्रदान कर दिया है, इस प्रकार अब प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी अधिकार प्राप्त चिकित्सा पद्धति है इसलिये इस पद्धति के चिकित्सकों पर वही नियम प्रभावी हैं जो अन्य मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धतियों पर हैं।

विदित हो कि भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अलेक्ट्रो होम्योपैथिक की चिकित्सा, शिक्षा, अनुसन्धान एवं विकास हेतु 21 जून, 2011 को जारी आदेश तथा इसकी पुष्टि में 21 दिसम्बर, 2017 को जारी पत्र से यह स्पष्ट है कि 21 जून, 2011 के आदेश की सार्थकता आज भी यथावत है, अतः समस्त संगठनों, पक्षकारों एवं हितैषियों को अपनी अग्रिम की जाने वाली कार्यवाही में 21 जून, 2011 के आदेश को पूर्ण रुप से ध्यान में रखकर ही कार्यवाही करें, इस कार्य में 25 नवम्बर, 2003 के आदेश को भली–भाँति समझें तथा अपने द्वारा तैयार किये गये संशोधित एवं परिवर्धित प्रस्ताव में उचित ढंग से समावेश करें यदि ऐसा नहीं किया तो भारत सरकार के आदेश दिनांक 19 मार्च, 2018 की पुनरावृत्ति होगी तथा डिग्री/डिपलोमा व डाक्टर (Dr.) शब्द के चक्रव्यूह में फिर फंस जायेंगे यदि ऐसा हुआ तो माननीय सुप्रीम कोर्ट के 01 मई, 2018 के आदेश का संज्ञान लिया जा सकता है अतः इलेकट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसेसिएशन ऑफ़ इण्डिया (E.H.M.A.I.) के पक्ष में 21 जून, 2011 के जारी आदेश को संजीवनी के रुप में प्रयोग में ला सकते हैं और अग्रिम कार्यवाही को प्रभावी बना सकते हैं।

आशा है कि हमारा आशय समझ में आ रहा होगा आप सभी को चाहिये कि अपनी उपलब्धियों से अवगत कराते हुए अपनी योग्यता और अनुभव से कार्य करते हुए तथा अपने आप को बदलते हुए समय के अनुसार चलने का प्रयास करेंगे।

# धूम–धाम से मना विजय दिवस (प्रथम पेज से आगे)




वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर जनपद मऊ के ज़िला प्रभारी EHडा0 अयाज़ अहमद ने विजय दिवस कुछ इस प्रकार मनाया छाया गज़ट




जनपद फतेहपुर के ज़िला प्रभारी EHडा0 वकील अहमद द्वारा ज़िला प्रभारी कार्यालय में विजय दिवस का आयोजन धूम–धाम से किया गया। छाया गज़ट




विजय दिवस के अवसर पर जनपद उन्नाव के ज़िला प्रभारी EHडा0 गौरव द्विवेदी द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया छाया गज़ट




विजय दिवस कार्यक्रम के अवसर पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद एवं वित्त नियंत्रक श्री ज़फ़र इदरीसी संयुक्त रुप से मैटी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये। छाया गज़ट




विजय दिवस कार्यक्रम के अवसर पर इलेक्ट्रो होम्यापैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के ज्वाइन्ट सेक्रेट्री डा0 एम0 के मिश्रा एवं बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 लखनऊ कार्यालय के प्रभारी श्री मो0 नसीम इदरीसी संयुक्त रुप से मैटी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये।




विजय दिवस कार्यक्रम के अवसर पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के स्टाफ़ मेम्बर्स क्रमशः श्री अनुज कुमार शुक्ला एवं श्री शुभम कुमार संयुक्त रुप से मैटी के चित्र पर माल्यार्पण करते




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के वित्त नियंत्रक श्री ज़फ़र इदरीसी मैटी के चित्र पर पुष्प वर्षा करते हुये। छाया गज़ट




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद मैटी जी को नमन करते हुये।




इलेक्ट्रो होम्यापैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के संयुक्त सचिव श्री मिथलेश कुमार मिश्रा ने मैटी को कुछ इस प्रकार नमन किया




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के स्टाफ श्री अनुज कुमार शुक्ला ने मैटी को कुछ इस प्रकार याद किया।




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 लखनऊ के स्टाफ श्री मो0 नसीम इदरीसी ने भी मैटी को अपने पुष्प अर्पित किये।




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद मंच से विजय दिवस के महत्व पर अपने विचार देते




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के स्टाफ श्री शुभम कुमार मैटी को पुष्प अर्पित करते हुये। छाया गज़ट

# विजय दिवस एवं योग दिवस के कार्यक्रमों के समाचार पेज 3 से आगे

**रायबरेली–** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को शासकीय अधिकार की कामना 21 जून 2011 को पूरी हुयी, जब भारत सरकार ने आदेश संख्या 30011/22/2010 एच0 आर0 इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के पक्ष में देश के सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों को अनुपालनार्थ प्रेषित किया जिससे इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास का मार्ग सुगम हो गया, तभी से इस दिवस को प्रतिवर्ष विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है उक्त विचार आशीष इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 पी0 एन0 कुशवाहा ने छजलापुर स्थित 13वाँ विजय दिवस समारोह मे व्यक्त किये, डॉ0 कुशवाहा ने कहा कि अब इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक खुले मन से इलेक्ट्रो होम्योपैथी में चिकित्सा का प्रचार एवं प्रसार जनमानस में करें समारोह में उपस्थित चिकित्सकों में डॉ0 भारती सिंह, डॉ0 गजेन्द्र सिंह, डॉ0 लालताराम, डॉ0 रिंकू साहू, डॉ0 त्रिलोक, डॉ0 गुलराना बानो, डॉ0 जमुना प्रसाद, डॉ0 रामसजीवन, डॉ0 राम विशाल मौर्य, सुनील कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

समारोह का समापन समाजसेवी श्री रमेश कुमार तिवारी ने किया व समारोह की अध्यक्षता डॉ0 राजेन्द्र सिंह ने की।




विजय दिवस के अवसर पर आशीष इ0हो0मेडिकल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डा0 पी0एन0 कुशवाहा



योग दिवस के अवसर पर फतेहपुर के डा0 वकील अहमद एवं डा0 देवानन्द सागर द्वारा संयुक्त रुप से योगा शिविर का आयोजन किया गया।




अन्तराष्ट्रीय योगा दिवस पर योग करते हुये M.S.D.E.H. इन्सटीट्यूट के प्राचार्य Dr. R.K.Sharma Lakhimpur

**हमीरपुर–** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 21 जून को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धमार्थ चिकित्सालय पटकाना हमीरपुर में विजय दिवस मनाया गया, सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री विनोद शुक्ला ने किया इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी ई0 एच0 डॉ0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए आज ही के दिन भारत सरकार ने आदेश संख्या सी0 30011/22/2010–एच0 आर0 इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के पक्ष में जारी किया जिससे इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास का मार्ग सुगम हो गया, यह एक ऐतिहासिक जीत थी जिसे हम सभी इसे विजय दिवस के रूप में हर वर्ष मनाते हुए आगे बढ़ते जायेगें ई0एच0 डॉ0 मानसी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा के निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं और रोगियों को निःशुल्क दवा वितरण की जा रही है, असाध्य रोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी औषधियों से उपचार किया जाता है, जिला प्रभारी अधिकारी ई0एच0 डॉ0 गणेश सिंह ने कहा कि बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिक्षा से प्रशिक्षित एवं पंजीकृत चिकित्सक ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा कार्य कर सकते हैं, इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को चिकित्सा कार्य करने हेतु ज़िला पंजीयन बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी अधिकारी द्वारा दिया जाता है।

एक असाध्य रोगी जो कि इस पैथी द्वारा इलाज कराकर ठीक हुई थी जिसका नाम रेहाना है इनको गर्भाशय कैंसर था आज इस कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित होकर इन्होंनें कहा कि हमने इस पैथी से इलाज कराकर अपने कैंसर में विजय पायी है।

कार्यक्रम में डॉ0 कंचन गुप्ता, डॉ अरूण कुमार प्रजापति, विनोद शुक्ला, एम0 एम0 चौबे, अंश आदि उपस्थित थे।

**फतेहपुर–**अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उत्तर प्रदेश के जनपद कार्यालय खंभापुर फतेहपुर में विशाल योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, श्री कृष्ण आदर्श विद्या मंदिर, दिव्यांग पुनर्वास एवं आवासीय विद्यालय के प्रबंधक श्री सीताराम यादव ने योगा के लाभ के बारे में बताया और कहा कि योग हमें रोगी होने से बचाता है यदि हमें डाक्टर और दवाओं से बचना है तो हमें योग को अपनाना होगा, 84 वर्षीय पूर्व सूबेदार मेजर हाजी अनीस उल्लाह ने कहा कि योग को और अपने उचित खानपान रहन सहन आचार व्यवहार और संस्कार के द्वारा आप एक स्वस्थ शरीर के मालिक बन सकते हैं।

विद्यालय के वार्डेन श्री मनीश कुमार यादव के द्वारा योग का अभ्यास कराया गया, अंत में सबका मुंह मीठा कराया गया और प्रभारी डॉ0 वकील अहमद में सबका आभार व्यक्त किया।

शेष पेज 5 पर

बी0ई0एच0एम0 के लिए डा0 अतीक अहमद द्वारा गजट प्रेस 126 टी/22 'ए' रामलाल का तालाब, जूही, कानपुर–208014 से मुद्रित एवं मिथलेश कुमार मिश्रा द्वारा कम्प्यूटराइज्ड करा कर 9/1 पीली कालोनी, जूही, कानपुर–208014 से प्रकाशित किया।




विजय दिवस समारोह बुन्देल खण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर हमीरपुर में डा0 नरेन्द्र भूषण निगम व डा0 गणेश सिंह द्वारा संयुक्त रुप से मनाया गया।

# विजय दिवस एवं योग दिवस के कार्यक्रमों के समाचार पेज 4 से आगे

**इटावा—** जिला इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालय इटावा में विजय दिवस डॉ0 मो0 अखलाक की अध्यक्षता में विजय दिवस मनाया गया। 20/06/2011 को भारत सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के पक्ष मे आदश जारी किया था, इसलिए प्रतिवर्ष 21 जून को विजय दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर डॉ0 गुलशन बानों, जिला प्रभारी औरेया, डॉ0 सतीश चन्द्र, डॉ0 नरश चन्द्र कुशवाहा, डॉ0 आदिल अली, डॉ0 शकील अहमद, डॉ0 राशिद, डॉ0 तस्लीम आदि उपस्थित रहे।

**मऊ—**भारत सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पक्ष मे भारत सरकार के आदेश दिनांक 21 जून 2011 को एक आदेश जारी किया था और सभी राज्यों को सूचित किया था कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास पर कोई रोक नही है तब से प्रत्येक वर्ष 21 जून को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विजय दिवस के रूप मे मनाया जाता है,इस अवसर पर वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेंटर पर विजय दिवस समारोह आयोजित किया गया यह विचार वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेंटर के संचालक डॉ0 अयाज अहमद, ने दिये, इस कार्यक्रम में डॉ0 मो0 सलमानी,डॉ0 अबुल कैस, डॉ0 नसीम अख्तर, डॉ0 नंदलाल आदि मौजूद थे। संचालन डॉ0 अयाज अहमद द्वारा किया गया अन्त में उपस्थित लोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आदेश से तथा इलेक्ट्रो होम्योपैथी से अवगत भी कराया गया, लेक्ट्रो होम्योपैथी एक सरल व सुलभ चिकित्सा पद्धति है जिसमें रोगी के रक्त एवं रस को शुद्ध कर रोगों का इलाज किया जाता है।

# निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी शिविर

**फतेहपुर—**हरिजनपुर गौरा में निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका आयोजन डॉ0 देव आनंद सागर, डॉ0 काउंट सीज़र मैटी क्लीनिक अमौली ने किया, शिविर में बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के डॉ0 वकील अहमद ज़िला प्रभारी फतेहपुर, डॉ0 रश्मि ज़िला प्रभारी जनपद कानपुर देहात डॉ0 विपाशा की मौजूदगी में सुबह 9 बजे से प्रारम्भ हुआ जो शाम 4 बजे तक छियान्बे (96) मरीजों ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा का लाभ लिया।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी निःशुल्क चिकित्सा शिविर पर आने वाले मरीजों से इस बात का संकेत है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को लोगों की मान्यता मिल चुकी है, बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डॉ0 एम0 एच0 इदरीसी ने मक्का देश से सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथ को सच्चे दिल से इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से समाज की सेवा करने की अपील की, विदित हो कि डा0 इदरीसी इस समय मक्का देश में हज यात्रा पर है। शिविर का समापन सांय 6 बजे हुआ।




जनपद फतेहपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में क्रमशः बाये से दायें डा0 विपाशा, फतेहपुर के ज़िला प्रभारी डा0 वकील अहमद एवं डा0 देवानन्द सागर। छाया गज़ट

# 1 जुलाई को डाक्टर्स डे क्यों मनाते हैं?

बी0 सी0 रॉय प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक होने के साथ-साथ एक सम्मानित डॉक्टर भी थे, जिन्हें 04 फरवरी, 1961 को भारत रत्न से भी सम्ममानित किया गया था। डॉ0 बी0 सी0 रॉय का जन्म 01 जुलाई, 1882 में हुआ था और इनका निधन भी 01 जुलाई, 1962 में हुआ था, इसलिये 01 जुलाई को इनकी याद में डाक्टर्स डे के रुप मनाया जाता है।



HAPPY Doctor's Day